# रेलवे स्टेशन की टोटियों से नहीं आता पानी

**खास बातें**

- प्लेटफॉर्म पर यात्रियों के लिये लगी टोंटियां बनीं दिखावा
- 25 करोड़ की लागत बने नये स्टेशन के हाल बेहाल




**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा 13 दिसम्बर, 25 करोड़ की लागत से बना नया रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए पानी की सुविधा तक नहीं है.रेलवे द्वारा सभी प्लेटफॉर्म पर यात्रियों के लिए पानी मिले इस हेतु स्टैंड बनाकर पानी की टोंटियां लगाई गई है. उनके अंदर से पानी नहीं आता बाहर से आने वाले यात्रियों के लिए रेलवे स्टेशन पर पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है.जबकि रेल प्रशासन द्वारा जलप्रदाय के नाम पर प्रतिवर्ष लाखों रुपए खर्च किए जा रहे हैं.जबकि यात्रियों के लिए पानी पीने के लिए नहीं मिल रहा है.**

पानी की प्याऊ भी बंद पड़ी है शौचालय गंदगी से भरे पड़े हैं.क्योंकि वहां भी पानी का संकट रहता है.यही मूत्रालयों की है जो निजी मूत्रालय शौचालय है. वहां यात्रियों से अधिक रुपए लिए जाते हैं.शायद यही कारण रहता है रेलवे स्टेशन की दुर्दशा का क्योंकि ठेकेदार सभी को मैनेज किए हुए है सफाई भी ठीक से नहीं होती.जहां देखो वहां गंदगी के ढेर लगे हैं यात्रियों की सुविधा का ध्यान रेल प्रशासन द्वारा नहीं रखा जा रहा है.रेलवे स्टेशन के बाहर प्रांगण में भी यही स्थिति बनी हुई है. रेलवे स्टेशन प्रबंधक कभी घूम फिर कर व्यवस्था नहीं देखते, रेलवे स्टेशन पर जैब कतरा सुबह से रात्रि तक प्लेटफार्म पर घूमते रहते हैं और मौका मिलते ही जैब साफ कर देते हैं.

### बदमाशों का बना ठिकाना

अपराधी बदमाश इन्होंने तो रेलवे स्टेशन को अपना मुख्य ठिकाना बना लिया है रात्रि में यह बदमाश यात्रियों का सामान उठा ले जाते हैं जरा नींद लगी और सामान गायब.यहां रेलवे स्टेशन पर जीआरपी आरपीएफ थाना होने के बाद भी यह स्थिति बनी हुई है.पुलिसकर्मी कभी इस ओर ध्यान नहीं देते रेलवे स्टेशन पर और भी अनेक समस्याएं हैं जिनका निराकरण नहीं हो पा रहा है.कर्मचारियों की संख्या भी कम है.रेलवे माल गोदाम के आसपास शाम होते ही शराबी बोतले खोलने लगते हैं.गांजा पीने वाले भी पहुंच जाते हैं. चिलम लगाने इसके साथ रात्रि के समय जिस्मफरोशी का धंधा भी होता ह.माल गोदाम के बाहर प्रांगण में रात्रि के समय यह स्थिति देखी जा सकती है. यही सब कारण अपराध होने के माने जाते हैं वरिष्ठ अधिकारी इस ओर ध्यान दें.

# कांग्रेस ने किसानों की समस्याओं को लेकर एसडीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

**समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी**



**नवभारत न्यूज**
**ग्यारसपुर 13 दिसम्बर, क्षेत्र के किसानों को सिंचाई एवं खेती कार्यों में लगातार बढ़ती परेशानियों से राहत दिलाने की मांग को लेकर युवा कांग्रेस कमेटी ने बस स्टैंड से रैली लेकर एसडीएम कार्यालय पहुंचकर एसडीएम शशि मिश्रा को कलेक्टर विदिशा के नाम एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा.**

ज्ञापन में कहा गया कि किसानों को यूरिया एवं डीएपी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है. सिंचाई के लिए अपर्याप्त विद्युत आपूर्ति तथा कृषि कार्यों से जुड़े जोखिमों के दौरान मुआवजे की कमी जैसी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जिससे फसलों पर संकट गहराता जा रहा है.

युवा कांग्रेस ने ज्ञापन में स्पष्ट किया कि किसानों को दिन में मात्र 3 घंटे और रात में 1 घंटे बिजली मिल रही है, जो सिंचाई के लिए बिल्कुल अपर्याप्त है. एनएचएआई के निर्माण कार्य के नाम से परमिट लिया जा रहा है मांग की गई कि तत्काल प्रभाव से दैनिक 10 घंटे निर्बाध बिजली उपलब्ध कराई जाए ताकि फसलों को बचाया जा सके. इसके साथ ही वन क्षेत्र में अवैध कटाई को रोकने की भी बात कही गई, जिससे पर्यावरण को नुकसान और जंगली जानवरों द्वारा फसलों की क्षति की समस्या बढ़ रही है. उन्होंने कहा है कि वन विभाग के अधिकारी पूरी तरह से निष्क्रिय है जंगलों में अवैध रूप से वृक्षों की कटाई की जा रही है.परंतु वन विभाग के अधिकारी कुंभकरण की नींद सो रहे हैं.वन माफिया हरी भरे सैकड़ों बीघा जंगलों को उजाड़ कर खेती का कार्य कर रहे हैं.संगठन ने कृषि कार्य के दौरान होने वाली दुर्घटनाओं पर उचित मुआवजा देने की भी मांग उठाई.युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष आकाश शर्मा ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि समस्याओं का तुरंत निराकरण नहीं किया गया तो युवा कांग्रेस किसानों के समर्थन में उग्र आंदोलन करेगी, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी. ज्ञापन देने वालों में पार्थ एनएसयूआई जिला अध्यक्ष,ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस अरविंद राजपूत, युवक कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष आकाश मीणा, संतोष शर्मा, लीलाधर कुशवाहा, कमलेश शर्मा,अनीश खान मंसूरी, महेंद्र रघुवंशी , वीरेंद्रमीणा,मोहन लोधी, जगन्नाथ अहिरवार, हरेंद्र यादव धीरज सिंह ठाकुर, राकेश जड़िया, सहित दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता एवं किसान मौजूद रहे.

**एक नजर में**

### अनाज तिलहन व्यापारी संघ पर बनाया जाता दबाव, व्यापारी परेशान

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा,** अनाज तिलहन व्यापारी संघ के अध्यक्ष सतीश जैन कटारे ने बताया की कुछ किसान छोटे-छोटे मुद्दों पर व्यापारियों से अभद्रता गाली-गलौज करने लगते हैं और जब व्यापारी विरोध करता है तो मंडी के बाहर और अंदर नारेबाजी करने लगते हैं चक्का जाम कर देते हैं.मंडी प्रशासन को गुमराह करते हैं दो तरह का अनाज लाते हैं ऊपर कुछ और अंदर कुछ और और नीलामी बोली में भाव अधिक देने की बात करते हैं.मंडी प्रशासन नीलामी के समय हस्ताक्षेप न हो ऐसी व्यवस्था बनाना चाहिए.हम कब गलियां सुनते रहे.

### विशाल त्रिसूल दीक्षा शौर्य यात्रा

**नवभारत न्यूज**
**गुलाबगंज,** विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल प्रखंड गुलाब गंज के संयुक्त तत्वावधान में नगर में आज विशाल त्रिसूल दीक्षा शौर्य यात्रा निकाली गई.यात्रा दांगी धर्मशाला से प्रारंभ होकर रेलवे स्टेशन हनुमान मंदिर में विर्सजित हुई. विभाग सह मंत्री चन्द्रभान बघेल ने बताया कि यात्रा का उद्धदेश्य विशाल हिन्दू एकत्रीकरण की धारणा को पुष्ट कर देश प्रेम की धारणा को पुष्ट कर सनातन को स्वर करना है. वर्तमान में क्षेत्र राजनीति चमकाने को लेकर सनातन पर हमला हो रहा है.समय की मांग है कि सनातनी अपने देश व धर्म की रक्षा हेतु स्वर और एकजुट हो अपने स्वाभिमान को ज्वलंत रखें.


- शव वाहन / फ्रीज़र
- ब्लड ग्रुप लिस्ट
- मरीज इलाज उपकरण
- पुराने लेकिन पहनने योग्य वस्त्र
- देहदान नेत्रदान संकल्प के लिए

नि:शुल्क सेवा

शेरपुरा विदिशा में विकास पचौरी फोटो स्टूडियो के बगल में स्थित सुनो रेडियो स्टेशन पर संपर्क करें.

मोबाइल में बजता है

विकास पचौरी फाउण्डेशन द्वारा प्रसारित



सुनो रेडियो

84 35 250 250

प्ले स्टोर/एप स्टोर से डाउनलोड करके आनंद लीजिए


## मेमू में बोगी बढ़ाने के लिए विधायक ने लिखा पत्र

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा,** विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने क्षेत्र की लाइफ लाइन कहे जाने वाली भोपाल बीना मेमू पैसेंजर और मेमू एक्सप्रेस ट्रेन में बोगियों की संख्या बढ़ाने के लिए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखा है. जिनमें पिछले वर्ष बोगियां कम होने से परेशान जनता की मांग का हवाला देते हुए बोगी बढ़ाने की मांग की है.

गंजबासौदा विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने क्षेत्र की जनता की मांग और परेशानियों को लेकर 61631/61632 भोपाल बीना मेमू पैसेंजर और 11605/11606 भोपाल बीना मेमू एक्सप्रेस ट्रेन में बोगी बढ़ाने की मांग की है.विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने केंद्रीय मंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि भोपाल, विदिशा, सांची, गंजबासौदा, मंडीबामोरा, कुरवाई, बीना क्षेत्र के लिए मेमू पैसेंजर एवं एक्सप्रेस लाइफलाइन है. जो आम जनता का आवागमन का मुख्य साधन है.पिछले वर्ष मेमू ट्रेन से बोगी कम होने का जिक्र करते हुए कहा कि क्षेत्र की आम जनता प्रभावित हुई है. विधायक की इस मांग को लेकर अप डाउन संगठन गंजबासौदा विदिशा और आम नागरिकों ने स्वागत एवं सराहना की है.

## सांसद खेल महोत्सव में हुए रोचक मुकाबले

**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज,** जनपद पंचायत एवं नगरपालिका परिषद सिरोंज द्वारा सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत शनिवार को सांदीपनि विद्यालय सिरोंज के छात्रावास मैदान में खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. उद्घाटन अवसर पर जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि हमीर सिंह यादव, नगरपालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू, अनुविभागीय अधिकारी हरिशंकर विश्वकर्मा, जनपद सदस्य प्रतिनिधि प्रशांत पालीवाल एवं नीलम सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद सिरोंज आशीष अग्रवाल, मुख्य नगरपालिका अधिकारी रामप्रकाश साहू उपस्थित रहे. इस संबंध में जानकारी देते हुए कैशव शर्मा ने बताया कि क्रिकेट प्रतियोगिता ओपन में पहला मुकाबला ललितपुर और रुसल्ली के बीच खेला गया. जिसमें ललितपुर विजय रही. दूसरा मुकाबला गेहूंखेड़ी और इमलानी के बीच खेला. जिसमे गेहूखेड़ी विजय रही. फाइनल मुकाबला माधव 11 और गेहूंखेड़ी के बीच खेला गया. जिसमें माधव 11 विजय रहा. वही 19 वर्ष से कम में पहला मुकाबला केडीबीएम और ईशान इंटरनेशनल के बीच खेला गया. जिसमें केडीबीएम विजय रही. दूसरा मुकाबला ललितपुर और ऋषभ 11 के बीच खेला गया. जिसमें ऋषभ 11 विजय रहा. फाइनल मुकाबला ऋषभ 11 और केडीबीएम के बीच खेला गया. क्रिकेट 19 वर्ष बालक में ऋषभ 11 विजय रही. खो- खो बालक वर्ग में मोतीपुर की टीम विजय रही. खो खो बालिका वर्ग केडीबीएम स्कूल की टीम विजय रही. रस्साकसी में केडीबीएम की टीम विजय रही.

## एक दिवसीय किसान संगोष्ठी का शुभारंभ, दुग्ध उत्पादन तकनीकों पर दिया प्रशिक्षण




**नवभारत न्यूज**
**सांची,जनपद पंचायत सांची अंतर्गत ग्राम भगवानपुरा कॉलोनी में भा.अनु.राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान, करनाल द्वारा भारत सरकार की अनुसूचित जाति उप-योजना के अंतर्गत एक दिवसीय किसान संगोष्ठी, आदान वितरण एवं प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया.**

कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान, मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पंवार तथा पशुपालन मंत्री लखन पटेल द्वारा किया गया.इस अवसर पर सांची क्षेत्र के विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी, पूर्व केबिनेट मंत्री रामपाल सिंह, राकेश शर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे.कार्यक्रम अंतर्गत आयोजित कृषक संगोष्ठी में विशेषज्ञों द्वारा दुग्ध उत्पादन, पशुधन प्रजनन, पशु स्वास्थ्य, पोषण प्रबंधन तथा दुग्ध प्रसंस्करण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई. साथ ही वैज्ञानिक प्रजनन तकनीकों, विशेष रूप से कृत्रिम गर्भाधान के महत्व एवं उसके व्यावहारिक उपयोग पर किसानों को विस्तार से समझाया गया.इसके अलावा कृषि, पशुपालन एवं संबंधित विभागों द्वारा लगाई गई तकनीकी प्रदर्शनी में उन्नत तकनीकों, श्रेष्ठ जर्मप्लाज़्म, चारा उत्पादन की आधुनिक पद्धतियों एवं पशुपालन प्रबंधन तकनीकों का प्रदर्शन किया गया, जिससे किसानों को नवीन तकनीकों से रूबरू होने का अवसर मिला.कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को आधुनिक पशुपालन तकनीकों से जोड़कर उनकी आय बढ़ाने की दिशा में सार्थक पहल की गई.

## मोहन सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर निकाली धन्यवाद रैली

**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज,** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को एक धन्यवाद रैली निकाली. नगर के मुख्य बाजार में निकाली गई रैली में भाजपा के नेताओं ने सरकार की चहुमुंखी उपलब्धियों से नागरिकों को अवगत कराया. भाजपा के झंडे बैनर ओर नारेबाजी के साथ कठाली बाजार से प्रारंभ हुई धन्यवाद रैली के समापन कोर्ट दरवाजे पर हुआ. धन्यवाद रैली के समापन के पूर्व मंडल अध्यक्ष सीताराम कुशवाह ने भाजपा संगठन के वरिष्ठ नेता मदनलाल चौरसिया तथा डॉ. पी.के. विश्वास का शाल, श्रीफल, पुष्पमाला भेंटकर मिठाई खिलाकर सम्मान भी किया. इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने आम जनता को भी लड्डू खिलाकर भाजपा सरकार के दो वर्ष की शुभकामनाएं दी. रैली के दौरान भाजपा नेताओं ने नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से नागरिकों को भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा उपलब्धियों से भी अवगत कराया. इस अवसर पर विधायक उमाकांत शर्मा, नपाध्यक्ष मनमोहन साहू, रमेश यादव, हरीबाबू भार्गव, राजेंद्र गर्ग, संजय सोनी, नपा उपाध्यक्ष मनोज साईनाथ, मंडल महामंत्री हरिचरण अहिरवार, सुमंत मित्तल, प्रशांत पालीवाल, मुनीम गौरी, सचिन शर्मा, राजा मियां, टीकाराम शाक्य आदि शामिल थे.

## नेशनल लोक अदालत का हुआ आयोजन



**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज,** न्यायालय परिसर में शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया. लोक अदालत का शुभारंभ जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश विजय कुमार पांडे, न्यायाधीश मोना शुक्ला, न्यायाधीश अंकित जैन एवं सिरोंज अभिभाषक संघ के अध्यक्ष कपिल त्यागी द्वारा महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया. ना हम हरे और ना तुम जीते की तर्ज पर इस नेशनल लोक अदालत में पक्षकारों की आपसी सहमति से कई मामलों का निराकरण किया गया. सर्वाधिक मामले विद्युत मंडल सिरोंज के निराकृत किए गए. विद्युत मंडल के मामले, नगर पालिका के जलकर, संपत्ति कर सहित कई प्रकरणों का निराकरण किया गया. अभिभाषक संघ के अध्यक्ष कपिल त्यागी, सचिन शर्मा, हेमंत श्रीवास्तव राजकुमार शर्मा, अशोक शर्मा, अवध नारायण श्रीवास्तव, रामबाबू कुशवाह, छगन सिंह राजपूत, उमेश पाली आदि उपस्थित थे.

### सांची में भी लगी लोक अदालत, हुई वसूली

सांची नगर में आज हर जगह लोक अदालत का आयोजन किया गया.इससे अधिकांश मामलों का निपटारा किया गया इस अवसर पर नगर परिषद में भी लोक अदालत आयोजित की गई इसमे भी मामले निपटाये गए.जानकारी के अनुसार आज हर विभाग में लोक अदालतों का आयोजन करते हुए मामले निराकृत हुए.इसी कडी मे आज नगर परिषद कार्यालय में लोक अदालत आयोजित की गई इस लोक अदालत में अध्यक्ष पप्पू रेवाराम संपत्ति अधिकारी रमेश शर्मा सहायक अधिकारी राजीव श्रीवास्तव नंदू सुशील त्रिवेदी आनंद जैन सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित रहे. लोक अदालत में जलकर मामलों का निपटारा करते हुए 99 हजार चार सौ चालीस रुपये की बकाया राशि वसूली की गई.इसके साथ ही संपत्ति समेकित करों की बकाया राशि 1 लाख20 हजार रुपये वसूली करते हुए बकाया मामलों का निपटारा किया गया . कुल राशि सवा दौ लाख रुपये वसूली की गई.हालांकि इन दिनो चुनाव आयोग की एस आई आर का काम तेजी से चल रहा है.

## प्रदेश स्तर पर आश्रम के विद्यार्थी संस्कार शर्मा की उपलब्धि किया सम्मान

**जगदगुरु डॉ वेदांती जी ने 5000 की नगद राशि और शॉल से किया सम्मानित**



**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा, वेद और गायत्री मानव को केवल विद्वान नहीं, बल्कि श्रेष्ठ नागरिक भी बनाते हैं. वेदों में निहित संध्या वंदन, गायत्री जप की परंपरा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि मानव जीवन के सर्वांगीण विकास का आधार है.संध्या वंदन, गायत्री जप से चित्त की शुद्धि, विचारों की पवित्रता और चरित्र का निर्माण होता है.इससे विद्यार्थी न केवल आत्मिक रूप से सशक्त बनते हैं, बल्कि देश की आध्यात्मिक उन्नति में भी सहभागी बनते हैं.**

यह विचार जीवाजीपुर स्थित संत जगन्नाथदास संस्कृत विद्यालय वेदांत आश्रम में आयोजित वैदिक कार्यक्रम के दौरान रामानंदाचार्य जगतगुरु डॉ राम कमलाचार्य वेदांती जी महाराज ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए. इस मौके पर जगतगुरु ने कार्यक्रम के दौरान वेद अध्ययन की बाल रंग वर्ग प्रतियोगिता में प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले आश्रम के विद्यार्थी संस्कार शर्मा को विशेष रूप से सम्मानित किया गया. जगद्गुरु डॉ. वेदांती जी ने उसे 5000 की नगद राशि और शॉल प्रदान कर उसका उत्साहवर्धन किया.उन्होंने संस्कार की वेदाध्यन में गहरी रुचि की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को उससे प्रेरणा लेने आवाहन किया.साथ ही शीत ऋतु को ध्यान में रखते हुए आश्रम के विद्यार्थियों को स्वेटर भी वितरित किए गए.वेदांत आश्रम में जगदगुरु के आगमन पर बड़ी संख्या में नागरिकों ने पहुंचकर उनसे आशीर्वाद लिया.

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए उज्जैन से पधारे वेद विद्वान कुंजबिहारी पांडेय ने कहा कि वेदाध्ययन के साथ नियमित संध्या वंदन करने से मन स्थिर होता है और जीवन में परम शांति का अनुभव होता है. गायत्री मंत्र को वेदों की माता बताते हुए उन्होंने कहा कि यह मंत्र बुद्धि को प्रखर करता है और जीवन को सद्मार्ग की ओर ले जाता है. कार्यक्रम में मौजूद वरिष्ठ पत्रकार सौदान सिंह यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ. वेदांती जी ने नगर को केवल राष्ट्रीय स्तर पर ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी सनातन धर्म की पताका फहराकर अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई है. उनके मार्गदर्शन में स्थापित संस्कृत विद्यालय आज शिक्षा और संस्कार का केंद्र बनकर निरंतर विस्तार कर रहा है। आश्रम के महंत हरिहर दास जी महाराज की भूमिका की भी सराहना की गई, जो सुव्यवस्थित ढंग से आश्रम की शैक्षणिक, आध्यात्मिक एवं व्यवस्थागत गतिविधियों का संचालन कर रहे हैं.कार्यक्रम में विदिशा से आए सेना के सेवानिवृत्त धर्मगुरु एसपी चतुर्वेदी, आश्रम परिवार घनश्याम सुहाने, समाजसेवी गणेशराम रघुवंशी, संतोष नामदेव एसबीआई, मनोज गोयल, सौरभ सुहाने, रामराज रघुवंशी, वेदाचार्य शिव शंकर पांडेय प्राचार्य बाबू सिंह रघुवंशीसहित बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.

**सम्मेलन** **उदयपुर में आज विशाल हिंदू सम्मेलन, धर्म-संस्कृति और हिंदुत्व जागरण का होगा संगम**

# हिंदू सम्मेलन में जगद्गुरु का मिलेगा आशीर्वाद वचन

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा,सनातन एकता, समरसता, आस्था, भाईचारे और धर्म जागरण के संदेश को लेकर भगवान नीलकंठेश्वर की नगरी उदयपुर में सकल हिंदू समाज द्वारा आज रविवार को विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया है.नगर उदयपुर में. संपूर्ण दिन चलने वाला विशाल हिंदू सम्मेलन एवं विराट कवि सम्मेलन पूरे धार्मिक उत्साह और सांस्कृतिक गरिमा के साथ आयोजित किया जा रहा है.यह आयोजन हिंदू समाज में आध्यात्मिक चेतना, सामाजिक समरसता और सनातन संस्कारों के जागरण का सशक्त माध्यम बनेगा. सम्मेलन में रामानंदाचार्य संप्रदाय के जगद्गुरु एवं एवं काशी पीठाधीश्वर डॉ राम कमलाचार्य वेदांती जी महाराज का आशीर्वाद वचन सहित क्षेत्र के पूज्य संतों का सान्निध्य प्राप्त होगा, जो अपने उद्बोधनों से हिंदू समाज को एकता और संगठन का संदेश देंगे.**



उदयपुर सकल हिंदू समाज आयोजन समिति ने बताया कि प्रात: 8 बजे वेदांत आश्रम, गंज बासौदा में ध्वज पूजन एवं ध्वजारोहण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा.इसके साथ ही पूज्य उदयपुर मंडल के सभी 9 ग्रामों के कलशों का पूजन कर आयोजन होगा.प्रात: 10 बजे भव्य सनातन यात्रा, वेदांत आश्रम गंज बासौदा से उदयपुर के लिए रवाना होगी. वहीं दूसरी सनातन यात्रा प्रात: 10 बजे उदयपुर के पठारी रोड स्थित गणेश मंदिर, उदयपुर से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करती हुई आयोजन स्थल नीलकंठ मंदिर परिसर पहुंचेगी. इस दौरान आयोजन स्थल पर प्रात: 10 से 11 बजे तक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की प्रस्तुति दी जाएगी. गंजबासोदा से निकली जगद्गुरु डॉ वेदांती जी की सनातन यात्रा का स्वागत एवं पावन आगमन कवटन नदी क्षेत्र में 11.30 बजे होगा. इसके पश्चात 11 से 12 बजे तक भगवा यात्रा कवटन नदी से नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर तक निकाली जाएगी. दोपहर 12 बजे उदयपुर चौराहा पर सनातन यात्रा का भव्य महासंगम का दृश्य देखने को मिलेगा.दोपहर 12 से 1.30 बजे तक विराट कवि सम्मेलन का आयोजन होगा, जिसमें कवियों द्वारा भक्ति, राष्ट्र और हिंदुत्व से ओतप्रोत रचनाओं का पाठ किया जाएगा.इसके बाद 1.30 से 1.40 बजे तक उदयपुर के गौरवशाली इतिहास पर विशेष प्रस्तुति दी गई, जिससे श्रोताओं को क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत से अवगत कराया जाएगा.दोपहर 1.40 से 1.50 बजे तक नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सामाजिक चेतना का संदेश दिया गया. दोपहर 1.55 से 2.30 बजे तक जगद्गुरु डॉ राम कमलाचार्य वेदांती जी का उद्बोधन होगा. इसके पश्चात 2.30 से 3 बजे तक विशेष वक्ता द्वारा मार्गदर्शन दिया जाएगा जिसमें हिंदुत्व, समाज और संस्कृति के संरक्षण पर विचार रखे जाएंगे.कार्यक्रम के समापन पर 3 बजे से विशाल भंडारे (महाप्रसादी) का आयोजन किया जाएगा.सकल हिंदू समाज एवं आयोजक समिति ने उदयपुर एवं आसपास के सभी सनातन प्रेमियों से इस ऐतिहासिक हिंदू सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता कर धर्म, संस्कृति और हिंदुत्व के इस महायज्ञ को सफल बनाने का आवाहन किया है.



## स्वच्छ धार्मिक स्थल अभियान के तहत किया श्रमदान

**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज,** नगर पालिका परिषद सिरोंज द्वारा स्वच्छ धार्मिक स्थल अभियान के अंतर्गत महामाई माता मंदिर परिसर में व्यापक श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी रामप्रकाश साहू, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी मनीष कुमार, नपा उपाध्यक्ष मनोज साईनाथ , नगर पालिका के समस्त कर्मचारी, स्वच्छता टीम के रविकुमार प्रजापति एवं उनके सहयोगी तथा स्थानीय नागरिकों ने मिलकर मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई की. कार्यक्रम के दौरान नागरिकों को स्वच्छता बनाए रखने एवं धार्मिक स्थलों को हर समय स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया गया. सीएमओ रामप्रकाश साहू ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य न केवल धार्मिक स्थलों को साफ-सुथरा रखना है, बल्कि समुदाय में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी है. उन्होंने बताया कि इस तरह के अभियान शहर में आगे भी जारी रहेंगे. शहर के अन्य धार्मिक स्थलों में भी स्वच्छता अभियान संचालित किया जाएगा.